

## एक नजर में

### रविदास जन्मोत्सव पर निर्गुण भजनों से गूंजा वातावरण



**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती जिला स्तरीय रूप में मेघवाल समाज विकास परिषद मंदसौर के तत्वाधान में संजय गांधी उद्यान में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट से सजाया गया था तथा गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें निर्गुण भजन सत्संग सेवा संस्थान मंदसौर द्वारा भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी गई। प्रसिद्ध निर्गुण भजन गायक कमलेश सिनम ने तंबूरा पर संगत करते हुए गुरु रविदास के जीवन, उनके उपदेशों एवं सामाजिक समरसता के संदेशों पर आधारित भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनके साथ हार्मोनियम पर नारायण सिनम, सहगायक के रूप में राहुल सिनम, ढोलक पर नागेश चौहान, ताल पर दुलीचंद जी रांगोटा, मंशाराम जी एवं चंचलेश सिनम ने संगत कर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। भजनों के दौरान श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। वक्ताओं ने गुरु रविदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज में समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। वक्ताओं ने समाज के युवाओं से संतों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आव्हान किया।

### राष्ट्र संत परम गौ सेवक कमल मुनि कमलेश के जन्म शताब्दी पर गौशाला में टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन



**नाहरगढ।** राष्ट्र संत परम गौ सेवक कमल मुनि कमलेश के के जन्मोत्सव(जन्म शताब्दी) के अवसर पर नगर में बूढ़ा से विहार करते हुए संत गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर महाराज एवं साथ में पधारे साधु भगवंत पधारे सुबह 8 :00 बजे साधु भगवंत का नगर प्रवेश हुआ उसके पश्चात समाजजनों द्वारा गवली करके उनको वधाया गया इसके पश्चात संत श्री के प्रवचन हुए अपने गुरु भक्ति एवं धर्म के प्रति आस्था रखते हुए अपने कार्यों को करना चाहिए एवं अपने पुण्य को बढ़ाते रहना चाहिए। उसके पश्चात संतों ने गौशाला पहुंचकर वहां पर आचार्य विश्वरत्न सागर महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से उनके परम भक्त भजन सम्राट त्रिलोक भाई मोदी के अथक प्रयासों से अलग-अलग दानदाताओं एवं पेढ़ीयो से दान राशि एकत्रित कर लगभग 5 से 6 लख रुपए की लागत से एक सूखला भंडारण टीन शेड बनाने का संकल्प लिया, जिसका भूमि पूजन नाहरगढ़ पधारे साधु भगवंत कीर्ति रत्न सागर महाराज एवं साथ आए साधु भगवंत द्वारा किया गया। इस अवसर पर महेंद्र सेठिया, भंवर दास बैरागी, संजय सुराणा, गोपाल सिंह राठौड़, नवीन राठौर, अभिषेक मोगरा, प्रीतम जैन, कृपाल जैन, सिद्धार्थ जैन, पायल जैन, जैना जैन, स्तुति जैन, आरव जैन सहित अनेक उपस्थित थे।

## अ.भा. श्रम संगठनों के आव्हान पर राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल



**मन्दसौर।** 10 अखिल भारतीय श्रम संगठनों के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का व्यापक असर मंदसौर में भी देखने को मिला। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए इन संगठनों से जुड़े हजारों श्रमिकों और पदाधिकारियों ने गांधी चौराहे पर एकत्रित होकर एक विशाल प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान 4 लेबर कोर्ट वापस लो, मजदूर विरोधी श्रम नीति वापस लो, युवाओं के रोजगार पर हमले बंद करो, न्यूनतम वेतन 26 हजार रू. करो, विनिवेश नीति वापस लो, स्थाई काम-स्थाई नौकरी प्रदान करो व श्रमिकों के हितों पर हमले बंद करो सहित विभिन्न मांगों को लेकर महाराणा प्रताप चौराहे स्थित अभिव्यक्ति स्थल से एक विशाल रैली निकाली गई जो नारेबाजी करते हुए गांधी चौराहा पहुंची जहां पर सभी ने जंगी प्रदर्शन किया। रैली मार्ग नारों से गूंज उठे, प्रदर्शन के दौरान मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार की नीतियों को मजदूर विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी।

गांधी चौराहे पर आयोजित इस विरोध सभा में आईएनटीयूसी, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू सहित सभी 10 प्रमुख संगठनों के नेता एक मंच पर नजर आए। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने कॉरपोरेट्स के दबाव में आकर श्रम कानूनों को समाप्त कर नई श्रम संहिताएं थोप दी हैं। संगठनों का आरोप है कि इन संहिताओं को लाने से पहले किसी भी श्रम संगठन से चर्चा नहीं की गई। उन्होंने मांग की कि चारों लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाएं, युवाओं के रोजगार पर हमले बंद हों और न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रतिमाह किया जाए। इसके अलावा एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने और संविदा एवं आउटसोर्सिंग को खत्म कर स्थाई काम-स्थाई नौकरी की नीति अपनाने पर जोर दिया गया।

प्रदर्शनकारियों ने विशेष रूप से नई नीति के उन प्रावधानों पर आपत्ति जताई जो श्रमिकों के अधिकारों का हनन करते हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल से 60 दिन पूर्व सूचना देने की शर्त असल में हड़ताल करने के अधिकार को छीनना है, जबकि नियोक्ताओं को बिना सूचना छंटनी और कार्य समय बढ़ाने की पूरी छूट दे दी गई है। वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि नए नियमों के तहत 300 से कम श्रमिकों वाले कारखानों को कानून के दायरे से बाहर रखने से देश के 75 प्रतिशत कारखानों में मजदूरों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। निजीकरण और विनिवेश की नीति का विरोध करते हुए संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीतियां नहीं बदलीं, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र होगा।




## जन्मदिवस बना पुण्य पर्व, मेहता परिवार द्वारा जीव दया निमित्त गौ-सेवा

**मन्दसौर।** बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई एवं सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री एवं बड़े साथ महिला इकाई की पूर्व उपाध्यक्षा निर्मला मेहता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जीव दया निमित्त गौशाला में गौ-आहार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई की उपाध्यक्ष पायल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जीव दया की भावना को साकार करते हुए गौशाला में गायों को पशु आहार अर्पित किया गया। इस सेवा कार्य में मेहता परिवार के श्री नरेंद्र मेहता, श्रीमती शांता मेहता, श्रीमती नंदा मेहता, श्रीमती मनीषा मेहता, डॉ. मनीषा मेहता, श्रीमती तृप्ति मेहता, श्रीमती हर्षिता मेहता, श्रीमती हंसा पोखरना एवं श्रीमती प्रीति धाकड़ की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर श्रद्धा एवं समर्पण भाव से गौ-आहार करवाया और सेवा का आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम का सुंदर एवं प्रभावी संचालन नीता चपलोत द्वारा किया गया। सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री सारिका बाकलीवाल ने अतिथि संबोधन देते हुए जीव दया के महत्व पर प्रकाश डाला। शशि मारू द्वारा प्रस्तुत की गई सुंदर बधाई कविता ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।




## रोटरी के उकावत पुन: मंडल सचिव एवं पोरवाल सहायक मण्डलाध्यक्ष मनोनीत

**मन्दसौर। रोटरी मण्डल 3040 के वर्ष 2026-27 के कार्यकाल हेतु आगामी मण्डलाध्यक्ष रोटे. संस्कार कोठारी द्वारा रोटरी क्लब मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष रोटे. प्रवीण उकावत को मण्डल सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष रोटे. पवन पोरवाल को सहायक मण्डलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया।**

यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष रोटे. भूपेन्द्र सोनी एवं सचिव कपिल भण्डारी ने बताया कि रणथम्बौर (राज.) आयोजित त्रिदिवसीय लर्निंग सेमिनार में मण्डलाध्यक्ष (वर्ष 2026-27) रोटे. संस्कार कोठारी एवं मण्डल की प्रथम महिला दिप्ती कोठारी द्वारा रोटे. उकावत एवं रोटे. पोरवाल को सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है कि मनोनीत मण्डल सचिव रोटे. उकावत इस वर्ष 2025-26 में भी मण्डल सचिव के पद पर सेवारत है एवं आपके द्वारा किए जा रहे श्रेष्ठ कार्यों एवं सेवा भावना को दृष्टिगत रखते हुए आगामी मण्डलाध्यक्ष ने रोटे. प्रवीण उकावत को पुन: मनोनीत किया। मनोनीत सहायक मण्डलाध्यक्ष रोटे. पवन पोरवाल भी रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष रहे एवं विभिन्न पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दे चुके है।

**एक नजर** | **पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तजन जलपात्र के माध्यम से कर सकेंगे जल अर्पित**

## पशुपतिनाथ लोक को प्लास्टिक मुक्त करने का समिति ने लिया सामूहिक निर्णय



**मंदसौर।** पशुपतिनाथ प्रबंध समिति की बैठक मंदिर सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, मंदसौर विधायक विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा पर वज्र लेपन के पश्चात सभी भक्तजन एवं अभिषेककर्ता जल आदि जलपात्र के माध्यम से भगवान को अर्पित कर सकेंगे। आगामी महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन, आरती मंडल की व्यवस्थाओं तथा भक्तजनों के लिए प्रसादी वितरण की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सभी संबंधित विभागों को पर्व के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियाँ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मंदिर के तीन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उपरांत श्रम कानून के अनुसार ग्रेच्युटी राशि के भुगतान का निर्णय लिया गया। साथ ही मंदिर कर्मचारियों को राज्य बीमा निगम (श्रस्ढ्ढष्ट) का लाभ प्रदान करने तथा स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। मंदिर परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सफाई मशीन क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए 10 मेटी रोल क्रय करने की अनुमति दी गई।

श्री पशुपतिनाथ लोक को प्लास्टिक मुक्त करने का सामूहिक निर्णय लिया गया। लोक परिसर में दुकानों के सुव्यवस्थित संचालन तथा धार्मिक सामग्री को प्राथमिकता से रखने के निर्देश दिए गए। तापेश्वर महादेव मंदिर में मार्बल बदलने के निर्देश दिए गए तथा इसके लिए निर्माण एजेंसी नियुक्त करने पर सहमति बनी। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न विभागों को निम्नानुसार जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं – पुलिस विभाग: सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। स्वास्थ्य विभाग: चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। नगर पालिका: साफ-सफाई, पेयजल, घाटों पर जाली लगाने एवं चूना लाइन की व्यवस्था करेगा। एमपीईबी विभाग: विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग: बेरीकेटिंग की व्यवस्था करेगा।

# नीमच

## एक नजर में

### सेवानिवृत शिक्षकों के स्वत्वों का त्वरित निराकरण हो : मध्यप्रदेश शिक्षक संघ



**नीमच।** जिला स्तरीय शिक्षकीय समस्याओं के निराकरण के लिए आज मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को पत्र देकर चर्चा की जिसमें प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान विगत छह माह से लंबित है। पेंशन होने के उपरांत कर्मचारी कार्यालय के चक्कर काट रहें। शासन के निर्देश होने के बावजूद इस प्रकार प्रकरण लंबित होना कार्यप्रणाली की धीमी रफ्तार पर संगठन ने नाराज़गी व्यक्त की। उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति, 12व 24वर्ष के क्रमोन्नत वेतनमान आदेश से वंचित शिक्षकों के आदेश जारी करवाना आदि बिंदुओं को लेकर चर्चा की जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी महोदय ने बताया पेंशन प्रकरण के लिए एक पत्र यहां से जारी कर देते हैं। अनावश्यक रूप से कर्मचारी परेशान ना हो ऐसा आदेश जारी करते हैं और पेंशन के समय ही आवश्यक स्वत्व का भुगतान हो जाना चाहिए। संगठन को आश्वस्त किया कि क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित शिक्षकों के प्रस्ताव 17फरवरी तक मंगवाकर समिति द्वारा परीक्षण करवाकर शीघ्र आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह हाड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पुरोहित, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेघवाल, विनोद चौहान व मयंक माहेश्वरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनिल कुमार तोतला द्वारा दि गई।

### जावद में आज दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**नीमच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिले में संकल्प से समाधान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत आज 13 फरवरी से 6 मार्च तक जिले में 9 स्थानों पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, जनजातिय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयुष, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इन शिविरों में दिव्यांगजनों की शीघ्र पहचान कर, उनके तत्काल दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। शा.चिकित्सालय जावद में आज 13 फरवरी को जनपद क्षेत्र जावद, नगर परिषद जावद, सरवानिया महाराज, अठाना एवं नयागाव के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 16 फरवरी को जनपद क्षेत्र नीमच के लिए रेडक्रास भवन नीमच में, 18 फरवरी को शा.चिकित्सालय रतनगढ, 20 फरवरी को शा.चिकित्सालय सिंगोली, 23 फरवरी को रेडक्रास भवन नीमच, 25 फरवरी को शा.चिकित्सालय जीरन, 27 फरवरी को शा.चिकित्सालय रामपुरा, 5 मार्च को शा.चिकित्सालय कुकडेश्वर एवं 6 मार्च को शा.चिकित्सालय मनासा में दिव्यंगता प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किए जा रहे है। यह शिविर प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे। शिविर के सफल आयोजन के लिए संबंधित जनपद सीईओ एवं सीएमओ क्रमश: नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उप संचालक सामाजिक न्याय श्री पराग जैन ने अधिकाधिक ऐसे दिव्यांगजन जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे शिविर में उपस्थित होकर अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवा सकते है।

## विधायक व कलेक्टर ने बालिकाओं को हेलमेट वितरित किए

- पिंक ड्रायविंग लायसेंस के साथ ही हेलमेट उपलब्ध कराने की अभिनव पहल
- जिला प्रशासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान के तहत




**नीमच। जिला प्रशासन नीमच द्वारा कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संकल्प से समाधान अभियान के तहत छात्राओं, महिलाओं को नि:शुल्क ड्रायविंग लायसेंस जारी करने और उन्हें नि:शुल्क हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। इसके तहत ड्रायविंग लायसेंस के लिए 260 महिलाओं ने अपना नि:शुल्क पंजीयन करवाया है।**

विधायक दिलीप सिह परिहार एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की उपस्थिति में गुरूवार को जिला पंचायत नीमच में आयोजित विशेष शिविर में विधायक परिहार एवं कलेक्टर चंद्रा ने 100 बालिकाओं एवं महिलाओं को नवीन ड्रायविंग लायसेंस की प्रति के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से नि:शुल्क हेलमेट भी वितरित किए। संकल्प से समाधान अभियान के तहत नि:शुल्क हेलमेट एवं ड्रायविंग लायसेंस पाकर बालिकाएं काफी खुश नजर आ रही थी। शिविर में लाभांवित वैदिका ने कहा, कि जिला प्रशासन ने लायसेंस के साथ ही उन्हें हेलमेट प्रदान कर बेटियों की सुविधा के साथ ही सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा है।

विधायक परिहार ने अपने उदबोधन में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी बालिकाओं को समझाईश दी। उन्होने कहा, कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। बेटियों की सुरक्षा का दायित्व भी सरकार निभा रही है।

कलेक्टर चंद्रा ने वाहन का सकारात्मक उपयोग पढ़ाई के कार्य में करने पर जोर देते हुए कहा, कि लायसेंस प्राप्त होने के बावजूद वाहन का उपयोग अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करें। हेलमेट का उपयोग अवश्य करें और अन्य लोगो को भी इसके लिए प्रेरित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने कहा, कि 260 बालिकाओं, महिलाओं द्वारा पिंक ड्रायविंग लायसेंस के लिए पंजीयन करवाया है। इसमें से नीमच में 100 बालिकाओं को हेलमेट एवं लायसेंस प्रदान किये जा रहे है। अगले चरण में जावद व मनासा में भी पिंक ड्रायविंग लायसेंस एवं हेलमेट वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम संजीव साहू, सहायक संचालक वैभव बैरागी, सीडीपीओ इरफान अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं बालिकाएं तथा महिलाएं उपस्थित थी।



## ब्लॉक कांग्रेस रतनगढ़ के नेतृत्व में ग्राम अंबा में लगाई मनरेगा बचाओ चौपाल

**नीमच।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष निर्देश अनुसार आदिवासी ग्राम आबा में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में मनरेगा बचाओ चौपाल लगाई गई जिसमें ग्राम समिति अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की घोषणा की गई मुख्य अतिथि तेलंगाना प्रभारी पूर्व सांसद मिनाक्षी नटराजन जी ने अपने संबोधन में कहा है कि मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में महात्मा गांधी मनरेगा योजना लागू की गई जिसमें आदिवासी एवं ग्रामीणों को उसका लाभ मिलता था उसको भारतीय जनता पार्टी ने बंध कर दिया है उसे योजना को जब तक वापस लागू नहीं कर दिया जाए तब तक कांग्रेस आंदोलन करती रहेगी जिला अध्यक्ष तरुण जी बाहेती ने भी अपने संबोधन में कहा है कि मनरेगा ग्रामीण अंचल के रीड की हड्डी की तरह योजना है इसको हम बंद नहीं होने देंगे कार्यक्रम में उपस्थित मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सतनारायण जी पाटीदार पूर्व विधानसभा जावद के उम्मीदवार श्री समंदर जी पटेल अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष हिदायत अल्लाह खान जी जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्रीमान धीरज कुमार जी व्यास ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंभू भाई चरण नगर कांग्रेस शब्बीर भाई पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम जी सोनी पूर्व परिषद लखन भाटी अल्पसंख्यक संभाग सचिव हैप्पी भाई सरदार डॉ श्याम जी जोशी नवनियुक्त ग्राम अंबा अध्यक्ष कुमारजी मेंबर मांगीलाल जी भील मेघराज सोनी मुस्तीन चाचा रमेश सोलंकी भास्कर सोलंकी राजू पठान नासिर भाई पठान बालचंद सोलंकी जाहिद अंसारी बड़ी संख्या में अंबा निवासी कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन लखन भाटी एवं आभार रामस्वरूप सोलंकी ने माना।

**एक नजर** | **सभी तहसीलदार एक माह में तीन-तीन हजार फार्मर रजिस्ट्री करवाएं**

## सभी तहसीलदार टोटल स्टेशन मशीन से समक्ष में सीमांकन करवाकर प्रकरण निराकृत करें : कलेक्टर



**नीमच। जिले के सभी राजस्व अधिकारी टोटल स्टेशन मशीन से अपने समक्ष सीमांकन का कार्य करवाकर, सीमांकन के सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाकर एक माह में सभी तहसीलदार तीन-तीन हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करवाएं। प्रत्येक पटवारी कम से कम 100 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करें।**

यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व विभाग की विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, तीनो एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक निराकरण करवाकर रैंक सुधारने के निर्देश सभी तहसीलदार को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी तहसीलदार सीएम हेल्पलाईन में ए ग्रेड हांसिल करें। उन्होने नक्शाविहिन गांवों के नक्शा निर्माण की प्रगति की समीक्षा में नक्शा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया, कि वे अपने क्षेत्र का स्वयं भ्रमण कर नये डायवर्सन प्रकरण दर्ज करें और डायवर्सन मद में राजस्व वसूली को प्राथमिकता से बढाए। आर.ओ.आर.ई.केवायसी कार्य की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी तहसीलदार एक माह में तीन-तीन हजार आर.ओ.आर. ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करवाएं। साथ ही सभी पटवारी न्यूनतम 100-100 आर.ओ.आर. ईकेवायसी करवाएं। उक्त लक्ष्य पूर्ण नहीं करने वाले पटवारियों, अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए।

बैठक में नक्शा तरमीम, शासकीय सर्वे नम्बरों का नक्शा तरमीम बंटाकन, भू-राजस्व मदों में वसूली की प्रगति, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों के निराकरण, आर.सी.एस.एम.में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई।